an>

Title: Need to introduce a new train from Guna to Indore.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) : महोदय, आपने मुझे अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण विÂाय को उठाने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में मध्य प्रदेश, जबलपुर मंडल के अंतर्गत गुना-मक्सी रेलखंड आता है। जिस पर गुना से इंदौर के मध्य कोई भी रेल नहीं चलती है। इसके लिए रेलवे प्रशासन को गुना से इंदौर के मध्य इंटरसिटी एक्सप्रेस रेल चलाने की सख्त आवश्यकता है।

मध्य प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक नगर इंदौर होने से गुना, ब्यावरा, पचौर, राजगढ़, सारंगपुर इत्यादि अधिकांश स्थानों से इंदौर के लिए ही व्यापारिक सारे काम होते हैं। गंभीर बीमारियों के लिए भी तत्काल उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा के इंदौर का आवागमन काफी लंबा और असुविधापूर्ण बना हुआ है। इस क्षेत्र में एकमात्र रेल खंड गुना-मक्सी है। इस पर प्रतिदिन लगभग 5 से 7 हजार लोग यात्रा करते हैं। रेल सुविधा नहीं होने की वजह से क्षेत्र के विकास में कई प्रकार की बाधायें आती हैं।

श्रीमान् से आपके माध्यम से निवेदन है कि गुना-मक्सी रेल खंड पर एक इंटरसिटी गुना से इंदौर के लिए चलाई जाए तो क्षेत्र की जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा, धन्यवाद।